**सं. डीएसआईआर/एमएस/2021/09**

भारत सरकार

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

मंत्रिमंडल हेतु मासिक सार

(**वर्ष 2021** के **सितम्बर माह** हेतु)

(भाग-। अवर्गीकृत)

**<u>सितम्बर माह 2021के दौरान प्रमुख उपलब्धियां:</u>**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**

**80वां सीएसआईआर स्थापना दिवस**

• 26 सितंबर, 2021 को सीएसआईआर ने अपना 80वां स्थापना दिवस मनाया। श्री वेंकैया नायडू, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति, मुख्य अतिथि,माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर सीएसआईआर के विभिन्न पुरस्कारों की घोषणा की गई। माननीय उपराष्ट्रपति ने कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जैसे सीएसआईआर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार , स्कूली बच्चों के लिए सीएसआईआर नवोन्मेष पुरस्कार ,जीएन रामचंद्रन मेडल ऑफ एक्सीलेंस फॉर बायोलॉजिकल साइंसेज, सीएसआईआर प्रौद्योगिकी पुरस्कार, आदि प्रदान किया गया। वर्ष के प्रतिष्ठित शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार विजेता की भी घोषणा की गई।

**विकसित/हस्तांतरित नई प्रौद्योगिकियां/प्रक्रम**

- **सीएसआईआर-आईएचबीटी** ने हिमाचल प्रदेश के गांव खोलिन जिला ऊना में पहली बार दालचीनी (सिनैमोमम वीरम) की शुरुआत की । यह इसकी संगठित खेती और इसके उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम था । यह परियोजना आईसीएआर-इंडियन इंस्टिट्यूट ऑव स्पाइस रिसर्च और कृषि विभाग, हि.प्र. के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है ।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई:**
    - डिकैलिपिस से फ्लेवर एसेन्स हेतु प्रक्रम – मेसर्स ललिता गार्डेंस, विंड पावर फैंस के निकट, एसवाई नं. 286/बी, बेलूर गांव, कुरुगोड्डु-583 116, बेलारी
    - एन-ट्राइएकोन्टेनॉल युक्त प्लांट ग्रोथ प्रमोटर – मेसर्स लिंगा केमिकल्स, 1-4-750, फ्लैट 202 सम्युक्ता ब्रीजी हाइट्स, मुर्शीदाबाद, हैदराबाद-500020
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ:**

- ‘स्टेंडअलोन यूवी एयर डिसइंफेक्शन सिस्टम फॉर रूम्स एंड स्पेसेज’ प्रौद्योगिकी मेसर्स **टाइसिओन एलएलपी** और **क्यूनीड्स ऑटो** को हस्तांतरित की ।
- “यूवी डिसइंफेक्टेंट रीट्रो-फिट सिस्टम्स फॉर एचवीएसी डक्ट्स’ एमजी कूलिंग, सोल्यूशंस, दिल्ली को”

- **सीएसआईआर-आईआईसीटी** ने भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड, हैदराबाद को पेटेंट “यूट्रोसाइड सैपोनिन बेस्ड इम्यून-एड्जूवैंट/पोटेंटिएटर कम्पोजिशन और इसके विरचन हेतु प्रक्रम” (पेटेंट आवेदन नंबर आईएन 20181104 2595) का लाइसेंस दिया ।

**आयोजित सम्मेलन, संगोष्ठियां/वेबिनार**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी:** दिनांक 16 सितम्बर, 2021 को वेबिनार सीरीज सीसीएमबी बायोलॉग: ‘यूजिंग लिपिड एक्सचेंज टू अंडरस्टेंड मेम्ब्रेन ऑर्गेनाइजेशन एंड फंक्शन’ डॉ. इर्विन लंदन, स्टॉनी ब्रूक यूनिवर्सिटी
- सीएसआईआर-सीडीआरआई ने दिनांक 29.9.2021को ‘जैवचिकित्सा विज्ञान के लिए सिंथेटिक ऑर्गेनिक केमिस्ट्री/मेडिसिनल केमिस्ट्री से योगदान’ पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की ।

**हस्ताक्षरित सहयोग/करार/समझौता ज्ञापन (राष्ट्रीय)**

- सीएसआईआर-सीसीएमबी ने अनुसंधान एवं विकास और चिकित्सीय संस्थानों के कंसोर्टियम पर सार्क-कोव-2 वैरिएंट्स को ट्रैक करने के लिए रोगजनक जीनोमिक्स को आगे बढ़ाने और “कोविड-19” परियोजना हेतु रॉक फेलर फाउंडेशन से परोपकारी वित्तीय सहायता के भाग के रूप में बायोइंफॉर्मेटिक्स और वैश्विक डेटा साझा करने के लिए पुणे नॉलेज क्लस्टर (पीकेसी) आईयूसीएए, सीएसआईआर-एनसीएलऔर आईआईएसईआर-पुणे के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी** ने आंध्र प्रदेश राज्य में सीएसआईआर-सीसीएमबी के साथ भागीदारी से जीनोमिक्स निर्देशित वैश्विक महामारी की रोकथाम के लिए एसबीआई फाउंडेशन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के सैटेलाइट सेंटर की स्थापना करने के लिए सहयोग करने के संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा और परिवार कल्याण विभाग (सैटेलाइट) आंध्र प्रदेश के माध्यम से आंध्र प्रदेश के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी** ने मेघालय राज्य में सीएसआईआर-सीसीएमबी के साथ भागीदारी से जीनोमिक्स निर्देशित वैश्विक महामारी निवारण के लिए एसबीआई फाउंडेशन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के सैटेलाइट सेंटर की स्थापना करने में सहयोग करने

हेतु स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, मेघालय सरकार (सैटेलाइट) के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए ।

- अपोलो हॉस्पिटल्स इंटरप्राइज़ लिमिटेड, इंद्रा केमिकल मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड और सीएसआईआर-सीसीएमबी के बीच त्रिपक्षीय करार पर हस्ताक्षर किए गए । सीएसआईआर-सीसीएमबी और अपोलो, सीएसआईआर-सीसीएमबी द्वारा विकसित और स्वामित्व वाली DArRT-PCR प्रौद्योगिकी पर आधारित कोविड परीक्षण किट के विकास एवं व्यावसायिक बनाने के लिए सहयोग कर रहे हैं; जबकि इंद्रा केमिकल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी DArRT-PCR टेस्ट किट का निर्माण करेगी ।

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई** ने पनडुब्बी अनुप्रयोग के लिए लिथियम आयन बैटरी के स्वदेशी विकास पर टुंगा ऐरोस्पेस इंडस्ट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नै के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

- केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री की उपस्थिति में सीएसआईआर-सीएफटीआरआई तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर** ने निम्नांकित करारों पर हस्ताक्षर किए:

    - सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद; एसईसीएल भवन, सीपत रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ और मेसर्स जिंदल पावर लिमिटेड, ओ.पी. जिंदल सुपर थर्मल पावर प्लांट, तमनार, रायगढ़, छत्तीसगढ़ के बीच दिनांक 10.09.2021 को त्रिपक्षीय करार किया गया ।

    - सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर, ओडिशा- 768 020 और मेसर्स अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड, अदानी कॉरपोरेट हाउस, शांतिग्राम, वैष्णोदेवी सर्कल के पास, एसजी हाईवे, अहमदाबाद के बीच दिनांक 14.09.2021 को त्रिपक्षीय करार किया गया ।

    - सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, धनबाद; महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर, ओडिशा- 768 020 और आर.के.एम पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड, 14, डॉ गिरिअप्पा रोड, टी. नगर, चेन्नै- 600 017 के बीच दिनांक 21.09.2021 को त्रिपक्षीय करार किया गया ।

- सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (सीएसआईआर-एनआईओ), गोवा-भारत और जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई), मरीन एंड कोस्टल सर्वे डिविजन (एमसीएसडी), मैंगलोर के बीच 22 सितंबर 2021 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य एमसीएसडी/जीएसआई द्वारा पहले से प्राप्त भूकंपीय डेटा पर एवीओ और स्ट्रीमर टोमोग्राफी जैसी विशेष प्रसंस्करण तकनीकों पर सहयोगात्मक कार्य करना और दोनों पक्षों के संसाधनों का उपयोग करते हुए अंडमान-निकोबार सबडक्शन ज़ोन तथा बंगाल की पूर्वी खाड़ी व अंडमान सागर में बैकआर्क बेसिन के आसपास इसकी व्याख्या करना है ।

- सीएसआईआर-आईआईआईआईएम ने न्यूट्रास्युटिकल्स के क्षेत्र में अनुसंधान और वाणिज्यीकरण से संबंधित पहलुओं की रणनीतियों के लिए दिनांक 30-09-2021 को न्यूट्रडे प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने मणि ट्रस्ट, कलिम्पोंग (पश्चिम बंगाल) सोसाइटी के साथ सीएसआईआर-आईएचबीटी के तकनीकी ज्ञान और दिशा-निर्देशों के अनुसार कलिम्पोंग, पश्चिम बंगाल में आसवन इकाई स्थापित करने के लिए दिनांक 06.09.2021 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

**हस्ताक्षरित सहयोग/करार/ समझौता ज्ञापन (अंतर्राष्ट्रीय)**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी** और **ईएमडी मिलिपोर कॉर्पोरेशन, यूएसए** ने "RapGEF1 (C3G)3F6" मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज़ के वाणिज्यीकरण हेतु के लिए प्रौद्योगिकी लाइसेंस करार पर हस्ताक्षर किए ।

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई** और **स्टैनविक्स फोर्ब्स एलएलसी, यूएसए** ने ब्रीथ सैम्पलर्स की दक्षता बढ़ाने हेतु प्रौद्योगिकी के विकास के संबंध में करार पर हस्ताक्षर किए ।

**पेटेंट अपडेटः**

| **फाइल किए गए पेटेंट** | | **स्वीकृत किए गए पेटेंट** | | **पेटेंट अभियोजना** | |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* | भारत | विदेश* | भारत | विदेश* |
| 14 | 15 | 12 | 10 | 31 | 44 |

*उक्त अवधि के दौरान आईपीयू को रिपोर्ट किया गया डाटा बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान बढ़ सकता है ।

**प्रस्तुत की गई उच्च प्रभाव वाली एस एंड टी सेवाएं**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी** ने आणविक निदान सेवाओं के लिए परीक्षित 161 नमूनों वाले 157 परिवारों का परीक्षण किया । जीनोम सर्वेलेंस के संबंध में ~ 850 जीनोम नमूनों की सीक्वेंसिंग की गई ।

**आउटरीच गतिविधियां (जिज्ञासा, कौशल विकास, और अन्य)**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी** ने हाई स्कूल, पूर्वस्नातक छात्रों और शिक्षकों के साथ "हाउ कैन इंडियन्स प्रिवेंट जेनेटिक डिज़ीज़ेज़ (8सितम्बर)" और "हाउ कैन वी प्रोटेक्ट द डेकेन इकोसिस्टम (17सितम्बर)" से संबंधित सत्र आयोजित किए । सीएसआईआर-सीसीएमबी ने "बेसिक टेक्नीक्स इन जेनेटिक्स एंड मॉलिक्युलर बायोलॉजी" पर 13-24 सितंबर तक 2 सप्ताह का संकाय विकास कार्यक्रम भी आयोजित किया ।

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई** ने दिनांक 06-09-2021 से 24-09-2021 तक "केयर, मैनेजमेंट ऑफ लैबोरेटरी ऐनीमल्स एंड ऐक्सपेरीमेंटल टेक्नीक्स" पर एडवांस कोर्स का आयोजन किया ।

- **सीएसआईआर-सीईसीआरआई** ने जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया ।

- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई** ने सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल के भाग के रूप में 28-29 सितंबर, 2021 को नए एवं पोषक स्नैक्स पर कार्यशाला का आयोजन किया ।

- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने दिनांक 10.09.2021 को "द फैसिनेटिंग कॉस्मॉस" पर एक **जिज्ञासा** वेबिनार का आयोजन किया, जिसे निदेशक, रिसर्च एंड एकैडेमिक, एमपी बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, एमपी बिरला प्लेनेटेरियम, कोलकाता द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

- **सीएसआईआर-सीआईएमएफआर** ने **सीएसआईआर-जिज्ञासा** छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम के तहत 02-03 सितंबर, 2021 के दौरान **डीआईवाई इलेक्ट्रॉनिक्स** पर दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया ।

- सीएसआईआर-सीआरआरआई ने जिज्ञासा के तहत दिनांक 12 सितंबर, 2021 को युवा प्रतिभाओं में जिज्ञासा और नवोन्मेष को प्रोत्साहन देने के लिए "गुड रोड हैल्थ फॉर वैल्थ" पर एक वार्ता आयोजित की ।

- सीएसआईआर-सीएसआईओ ने सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल कार्यक्रम के तहत दिनांक 15 सितंबर, 2021 को "इंजेक्शन मोल्डिंग टेक्नोलॉजीज" पर एक कार्यशाला आयोजित की और सीएसआईआर-आईआईसीटी ने दिनांक 13 सितंबर 2021 से दिनांक 24 सितंबर 2021 तक "सर्टिफिकेट कोर्स इन बायोइंफॉर्मेटिक्स और केमिइंफॉर्मेटिक्स" आयोजित किया ।

सीएसआईआर-आईएचबीटी ने कई कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए । उनमें से कुछ निम्न हैं:

- 20-24 सितंबर, 2021 तक उच्च मूल्य वाली फसलें जैसे केसर और हींग पर कृषि अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम ।
- "शुष्क शौचालयों में नाइट सॉइल कंपोस्टिंग की पारंपरिक प्रथाओं में सुधार से जैविक अपशिष्ट प्रबंधन और ग्रामीण उद्यमिता के अवसर" संबंधी जागरुकता कार्यक्रम
- लेह, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में दिनांक 08.09.2021 को "शुष्क शौचालय (चकसा) में नाइट सॉइल कंपोस्टिंग की पारंपरिक प्रथाओं में सुधार" पर कम्पोस्ट बूस्टर वितरण सह जागरुकता कार्यक्रम ।

**भारत@75 या आज़ादी का अमृत महोत्सव/भारत की आजादी के 75 वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम**

आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए सीएसआईआर की प्रयोगशालाओं में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए । इन समारोहों का सार निम्नवत है:

| कार्यक्रम | दिनांक | प्रयोगशाला |
|---|---|---|
| डीएनए फ़िंगरप्रिंटिंग प्रौद्योगिकी- इसकी सफलता और भविष्य संबंधी वेबिनार | | सीएसआईआर-सीसीएमबी |
| फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 | 26-09-2021, | सीएसआईआर-सीडीआरआई, सीएसआईआर-सीआरआरआई |
| कंक्रीट संरचनाओं में रीबार्स के संक्षारण को कम करने के लिए कोटिंग प्रौद्योगिकी संबंधी वेबिनार | 30-09-2021 | सीएसआईआर सीईसीआरआई |

| | | |
|---|---|---|
| बाजरा प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन एवेन्यूज संबंधी वेबिनार | 07-09-2021 | सीएसआईआर-सीएफटीआरआई |
| उद्यमिता में जैव संसाधन और इनकी भूमिका पर वार्ता | 09-09-2021 | सीएसआईआर-सीजीसीआरआई |
| "शुष्क शौचालयों में नाइट सोइल कम्पोस्टिंग बनाने की पारंपरिक प्रथाओं में सुधार से आजीविका विकल्प और ग्रामीण उद्यमिता हेतु अवसर"संबंधी कार्यक्रम | 22-09-2021 | सीएसआईआर-आईएचबीटी |

**संस्थान/प्रयोगशाला में उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- सीएसआईआर के 80 वें स्थापना दिवस के अवसर पर, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू मुख्य अतिथि थे। माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की।
- सीएसआईआर-सीसीएमबी: कोलंबिया के स्वास्थ्य मंत्री और एचई राजदूत मारियाना पैचेको की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय "कोलम्बियन हैल्थ मिशन इन इंडिया" प्रतिनिधिमंडल ने 29 सितंबर 2021 को सीसीएमबी का दौरा किया।
- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई: माननीय केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री (एमओआरडी) श्री गिरिराज सिंह ने दिनांक 24 सितंबर, 2021 को;
- सीएसआईआर-आईआईआईएम: वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और जम्मू-कश्मीर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तत्वावधान में दिनांक 19 सितंबर को शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नेतृत्व वाले विकास के लिए सीएसआईआर की पहलों संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई । माननीय केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); एमओएस, पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री ने इस कार्यशाला का उद्घाटन किया, जबकि प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नौकरशाहों के रूप में, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर

के विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के संकायों ने इस कार्यशाला में भाग लिया ।

**कोविड संबंधित विकास**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी:** कोविड रिसर्च टीम प्रकाशन: सिंह और अन्य, कोविड-19 रोगियों में सार्स-कोव-2 संक्रमण हेतु होस्ट प्रतिलेखन अनुक्रिया; *क्लिनिकल एंड ट्रांस्लेशनल मेडिसिन* , 2021
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई:** सीडीआरआई ने कोविड-19 उपचार में उमीफेनोविर के तीसरे चरण का क्लिनिकल परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी:** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले से कोविड-19 नमूनों के परीक्षण की गतिविधि को जारी रखा ।संपूर्ण जीनोमिक सीकेवेंसिंग के लिए एनसीडीसी, नई दिल्ली को नमूने उपलब्ध कराए गए थे ।

**विभागीय गतिविधियां**

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) को प्रौद्योगिकी संवर्धन, विकास तथा समुपयोजन के साथ ही औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने का दायित्व सौंपा गया है। देश में अनुसंधान तथा विकास को बढ़ावा देने तथा संपोषित करने की दृष्टि से, विभाग औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (साइरोज) तथा सरकारी वित्त पोषित अनुसंधान संस्थानों (पीएफआरआईएस) के लाभ के लिए नहीं, उद्योगों की संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता प्रदान एवं उनका पंजीकरण करता है और संबंधित सरकारी अधिसूचनाओं (समय-समय पर यथसंशोधित) के तहत इन मान्यताओं/पंजीकरणो का समय-समय पर नवीकरण करता है जिसके आधार पर इन संगठनों को उद्योग द्वारा अनुसंधान तथा विकास पर सीमा-शुल्क छूट, माल तथा सेवा कर (जीएसटी) रियायत तथा भारित कर कटौती (आयकर अधिनियम की धारा 35 (2एबी के तहत) प्राप्त होती है। यह योजना देश में औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने में सहायता प्रदान करती है।

**औद्योगिक अनुसंधान एवं संवर्धन कार्यक्रम**

**उद्योग में संस्थागत अनुसंधान और विकास (आर एंड डी )की मान्यता/पंजीकरण तथा नवीनीकरण**

• उद्योगों की 33 संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाईयों को मान्यता प्रदान करने के साथ-साथ संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाईयों को पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

• उद्योगों की 105 संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाईयों को पुनःमान्यता प्रदान करने के साथ-साथ संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाईयों को पंजीकरण प्रमाण-पत्रों को पुनः मान्यता प्रदान की गई।

**वैज्ञानिक और अनुसंधान शोध संगठन (एसआईआरो)**

**एसआईआरो की मान्यता/पंजीकरण तथा नवीनीकरण**

12 एसआईआरो को मान्यता और 07 को पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

**सार्वजनिक निधि प्राप्त अनुसंधान संस्थान (पीएफ़आरआई)**

**पीएफ़आरआई का पंजीकरण तथा नवीकरण**

- 47 पीएफ़आरआई को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

**उद्योग द्वारा अनुसंधान और विकास हेतु वित्तीय प्रोत्साहन**

- औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास पर भारित कर कटौती के लिए आईटी अधिनियम की धारा 35(2एबी) के तहत फॉर्म 3सीएल में 83 रिपोर्ट सीसीआईटी को प्रस्तुत की गई जिसमें कुल 337275.05 लाख रुपए की राशि शामिल है।

**वैकत्यिक,स्टार्टअप्स और एमएसएमई (प्रिज्म)में नवोन्मेष को प्रोत्साहित करना :**

**निम्नलिखित पाँच परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया**

• प्रारंभिक बचपन की क्षय (दंत क्षय) को रोकने के लिए नए सिलिकॉन निप्पल।
• तिरुमाला तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षा गैजेट की मॉडलिंग और निर्माण।
• नमामि गंगे (जलमित्र) के लिए ट्रैश स्किमर।
• स्वचालित उच्च परिशुद्धता क्रिस्टल ग्रोथ पुलर प्रणाली।
• हल्के वजन पोर्टेबल फोल्डिंगस्टूल।

**सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम**

1.**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

सीईएल डीएसआईआर का उपक्रम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं तथा अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का व्यावसायिक रूप से

समुपयोजन करना है। इसने अपने स्वयं के आर एंड डी प्रयासों से देश में पहली बार अनेक उत्पादों का विकास किया है और यह रेलवे एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण/घटकों एवं अन्यों हेतु सोलर फोटोवोल्टैक सिस्टम्स, इलेक्ट्रॉनिक्स गजट्स के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर सतत बल देता रहा है।

• कंपनी ने सितंबर,2021 के दौरान 2225.49 लाख रुपए मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेंट्स/ सिस्टम्स/ एसपीवी उत्पादों का विनिर्माण किया।

• सितंबर, 2021 के दौरान,1881.73 लाख रुपए मूल्य का माल बेचागया।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

एनआरडीसी विश्वविद्यालयों, तकनीकी संगठनों, उद्योगों तथा व्यक्तिक आविष्कारों के साथ ही साथ दीर्घावधि संबंधों को पोषित करते हुए प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और सुदृढ करने पर ज़ोर देता आ रहा है।

• एनआरडीसी ने उद्योगों को आयुष -64 (एक आयुर्वेदिक दवा जिसे कोविड -19 के हल्के से मध्यम मामलों के प्रतिकूल उपयोग के लिए पुनः तैयार किया गया है) के निर्माण के लिए दस कंपनियों को तकनीक का लाइसेंस दिया है। एनआरडीसी को सितंबर, 2021 के दौरान एनआरडीसी को आईआईटी,रोपड़ द्वारा 3 प्रौद्योगिकी और एन आईटी चेन्नई द्वारा 2 प्रौद्योगिकी सुपुर्द की गई है।

• एनआरडीसी ने सितंबर, 2021 के दौरान संबंधित प्रौद्योगिकियों से 42.00 लाख रुपये का प्रीमियम और 1.62 लाख रुपये की रॉयल्टी एकत्र की है।